Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

an>

Title : Need to provide grants for the production of Ratanjot as bio-diesel to overcome the shortage of diesel in the Country.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, देश में डीजल की कमी और कालाबाजारी को रोकने के लिए मैं आपका ध्यान आकृट करना चाहूंगा। मैं चाहूंगा कि सरकार बॉयोडीजल और रतनजोत की खेती को बढ़ावा दे। रतनजोत की खेती करने से बॉयोडीजल उत्पन्न होता है और उससे ट्रक, ट्रैक्टर, टैक्सी और बस वगैरह चल सकेंगे और डीजल की कमी नहीं होगी। इसी में यह डीजल का काम भी करेगा। छत्तीसगढ़ सरकार बॉयोडीजल की खेती अपने संसाधनों से कर रही है जिससे सरकार को फायदा हो रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री स्वयं अपने वाहन में इसी का उपयोग कर रहे हैं। देश में इसका काफी प्रचलन हो रहा है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है जो बॉयोडीजल की खेती कर रहा है जिससे डीजल की भी बचत हो सकती है। हम विदेश से डीजल मंगाते हैं जिसकी कीमत बढ़ती रहती है और डीजल की कमी से लोगों को परेशानी होती है और उसमें मिट्टी के तेल की मिलावट की समस्या का भी सामना करना पड़ता है जिससे गाड़ी भी खराब हो जाती है। मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि ऐसी बॉयोडीजल की खेती करने के लिए ऑयलसीड्स एवं वेजीटेबल ऑयलबोर्ड कंपनी, गुड़गांव में है। राज्य सरकार ने 5000 हैक्टेअर भूमि में बॉयोडीजल एवं रतनजोत वृक्षारोपण करने का प्रस्ताव भेजा था और इस काम के लिए राज्य को लगभग 460 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त होना है। मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि सरकार पूरे देश में रतनजोत की खेती के लिए सौ करोड़ रुपए दे और छत्तीसगढ़ सरकार को जो उनकी मांग है कि 460 लाख रुपये से 12 हजार पौधे लगाने हैं और अभी यह कार् उन्होंने अपने स्रोतों से प्रारम्भ कर दिया है। इसलिए मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बॉयोडीजल और रतनजोत की खेती को सरकार बढ़ावा दे जिससे डीजल की बचत हो तथा विदेश से हमें डीजल न मंगाना पड़े। ऐसा करने से अपने यहां के मजदूरों को भी काम मिलेगा और किसानों की भी ज्यादा आमदनी होगी तथा कम कीमत में हमें यह बॉयोडीजल मिलेगा। मान लीजिए कि डीजल 25 रुपये प्रति लीटर है तो यह हमें 15 रुपये प्रति लीटर उपलब्ध होगा। इसलिए मेरा अनुरोध है कि सभी राज्यों को अधिक धन मिले और छत्तीसगढ़ सरकार को 460 लाख रुपये से 15 हजार पौधे लगाने के लिए राशि प्रदान करे।

सभापति महोदया : अब समाप्त कीजिए। इसी में सब बातें आ गई हैं।